भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

# भीलवाड़ा फोकस

DIGITAL - EPAPER

RNI No. : RJHIN/25/A0890

वर्ष - 01 | अंक - 23 | प्रधान संपादक - कपिल विजयवर्गीय | बिजौलिया - बुधवार, 09 जुलाई 2025 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4

# राज्यपाल बोले : चातुर्मास समाज में नैतिकता और आध्यात्मिक चेतना का संदेश







भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्यपाल हरीभाऊ बागड़े ने कहा कि चातुर्मास का काल केवल साधना का नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आत्मशुद्धि और नैतिक जागरण का पर्व है। यह परंपरा भारतीय संस्कृति की गहराई और जीवन मूल्यों को उजागर करती है।

राज्यपाल मंगलवार को आध्यात्मिक चातुर्मास महोत्सव समिति के तत्वावधान में भीलवाड़ा स्थित सुभाष नगर जैन स्थानक में आयोजित चातुर्मासिक मंगल प्रवेश कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन धर्म के मूल सिद्धांत - अहिंसा, जीवदया और संयम - आज के समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। चातुर्मास साधु-संतों द्वारा एक स्थान पर ठहरकर ध्यान, तपस्या और समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन देने का विशेष अवसर होता है।

राज्यपाल बागड़े ने कहा कि भारतीय संस्कृति को कई बार मिटाने के प्रयास हुए, लेकिन इसकी गहराई, मूल्यों और साधना की परंपरा ने इसे सदैव जीवित रखा है। चातुर्मास के दौरान दिए जाने वाले प्रवचन समाज को





सकारात्मकता, नैतिकता और संयम का मार्ग दिखाते हैं।

उन्होंने नवीन शिक्षा नीति का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नीति न केवल बौद्धिक विकास बल्कि भारतीय सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण पर भी केंद्रित है। इससे ऐसी पीढ़ी तैयार होगी जो आधुनिकता के साथ-साथ भारतीय मूल्य और परंपराओं से जुड़ी होगी।

कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने मंच पर विराजित जैन साध्वियों से आशीर्वाद प्राप्त किया और उनके आध्यात्मिक योगदान की सराहना की।

### जिला प्रशासन रहा मुस्तैद -

राज्यपाल के एक दिवसीय दौरे के मद्देनज़र जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू के निर्देशन में सुरक्षा, यातायात, भीड़ प्रबंधन सहित सभी व्यवस्थाएं सुनियोजित की गई, जिससे कार्यक्रम सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ।

### विशिष्ट जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति -

इस अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद दामोदर अग्रवाल, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, मांडलगढ़ विधायक गोपाल खंडेलवाल, आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला, चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, महापौर राकेश पाठक, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा, पूर्व विधायक विट्ठल शंकर अवस्थी सहित कई लोग उपस्थित रहे ।

# बागोर में अफीम-डोडा चूरा तस्करी प्रकरण में दो और तस्कर गिरफ्तार

## 76 किलो डोडा चूरा जब्ती मामले में अब तक तीन आरोपी दबोचे गए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




जिले में चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ तस्करी विरोधी अभियान के तहत बागोर पुलिस को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। 27 जून को 76 किलो 106 ग्राम डोडा चूरा जब्ती के मामले में पुलिस ने दो और तस्करों को गिरफ्तार किया है।

थानाधिकारी विक्रम सेवाव्रत के नेतृत्व में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने ग्राम धुंडिया मावली निवासी भेरूलाल पुत्र उदयलाल (उम्र 26) और चितावा डीडवाना कुचामन निवासी अशोक मंडा पुत्र ओमप्रकाश को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार, भेरूलाल पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार हो चुका है। इससे पहले इस प्रकरण में रिछपाल पुत्र गोविंदलाल निवासी जिलिया, कुचामन सिटी को भी गिरफ्तार किया जा चुका है।

पुलिस मामले की जांच कर रही है और इस तस्करी गिरोह से जुड़े अन्य आरोपियों की तलाश भी जारी है।

# अवैध बजरी परिवहन में बड़ी कार्रवाई, ट्रोला जब्त कर 5.25 लाख जुर्माना लगाया

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया



खनिज विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार सुबह राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर अवैध बजरी से भरा एक ट्रोला पकड़ा। खनिज विभाग के फोरमैन गिरिराज मीणा ने बताया कि यह ट्रोला बनास-बीगोद क्षेत्र से बजरी भरकर कोटा की ओर जा रहा था। जांच के दौरान बजरी का परिवहन अवैध पाया गया। कार्रवाई के तहत ट्रोले को जब्त कर बिजौलिया थाना परिसर में खड़ा कराया गया तथा 5.25 लाख का जुर्माना लगाया गया। मीणा ने बताया कि खनिज विभाग की ओर से अवैध खनन और परिवहन के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# योगेन्द्र शर्मा बने हिन्दी साहित्य भारती काव्य मंच के अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष

## 2000 से अधिक मंचों पर दी ओजस्वी प्रस्तुतियां, जल्द आएगा 'परमवीर' काव्य संग्रह



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शाहपुरा के सुप्रसिद्ध कवि योगेन्द्र शर्मा को हिन्दी साहित्य भारती काव्य मंच का अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। यह घोषणा संस्था के केन्द्रीय अध्यक्ष व उत्तर प्रदेश के पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. रवीन्द्र शुक्ल ने की।

डॉ. शुक्ल ने कहा कि यह नियुक्ति हिन्दी कविता की वैश्विक प्रतिष्ठा बढ़ाने और नई पीढ़ी को मंचीय मर्यादा के साथ प्रेरित करने के उद्देश्य से की गई है। शर्मा की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत वीर रस की कविताएं और हजारों मंचीय प्रस्तुतियों का अनुभव संस्था के लिए सशक्त आधार बनेगा।

योगेन्द्र शर्मा अब तक देश-विदेश में 2000 से अधिक काव्य मंचों पर प्रस्तुति दे चुके हैं। उन्होंने कश्मीर में भारतीय सैनिकों के बीच जाकर अपने काव्य से जवानों का मनोबल बढ़ाया है। जल्द ही वे देश के 21 परमवीर चक्र विजेताओं पर आधारित काव्य संग्रह 'परमवीर' प्रकाशित करने जा रहे हैं।

उन्हें गुरु गोलवलकर सम्मान, चंद्रवरदाई सम्मान, साहित्य भारती सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार मिल चुके हैं। शर्मा पूर्व में राजस्थान साहित्य अकादमी की सरस्वती सभा के सदस्य भी रह चुके हैं। शर्मा की इस नियुक्ति से शाहपुरा से लेकर साहित्यिक मंचों तक खुशी की लहर है। साहित्य जगत ने इसे हिन्दी कविता को वैश्विक पहचान दिलाने वाला कदम बताया है। शर्मा ने कहा, यह सम्मान नहीं, जिम्मेदारी है। हिन्दी काव्य की गरिमा को ऊँचाई तक ले जाना मेरा संकल्प है।

# डोडा चूरा तस्करी में एक गिरफ्तार, 465 किलो माल, स्कॉर्पियो व 70 हजार नकद जब्त

## कारोई पुलिस और डीएसटी की संयुक्त कार्रवाई, एक तस्कर फरार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

कारोई थाना पुलिस और जिला विशेष टीम (डीएसटी) ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 465 किलो 120 ग्राम डोडा चूरा, एक स्कॉर्पियो कार और ?70 हज़ार नकद जब्त किए हैं। इस कार्रवाई में एक तस्कर को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उसका एक साथी भागने में सफल हो गया।

थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम ने 8 जुलाई को गांव सोनीयाना के पंचायत भवन के पास तिराहे पर सुबह करीब 6 बजे नाकाबंदी शुरू की। इसी दौरान स्कॉर्पियो कार आती दिखी। पुलिस ने रुकने का इशारा किया, लेकिन चालक ने वाहन को तेज गति से भगाने का प्रयास किया। मोड़ पर स्टोक स्टीक पर चढ़ते ही कार के टायर फट गए, जिससे असंतुलित होकर वाहन पंचायत




भवन के सामने रुका। तभी उसमें सवार दो व्यक्ति उतरकर खेतों की ओर भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा करते हुए एक तस्कर भोमियों का बाडिया, करेड़ा निवासी घनश्याम सिंह पुत्र हिम्मत सिंह चुण्डावत(29) को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है। जबकि दूसरा तस्कर झाड़ियों का सहारा लेकर फरार हो गया। तलाशी के दौरान कार में रखे 27 कट्टों से 465 किलो 120 ग्राम अवैध डोडा चूरा बरामद किया गया। इसके अलावा ?70 हज़ार नकद भी मिले। जब्त माल की कुल बाजार कीमत करीब ?69.76 लाख आंकी गई है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

CMYK

टैक्स मंत्रा

## पुरानी बनाम नई आयकर व्यवस्थाः 2024-25 के लिए कौन-सी बेहतर?

वित्त वर्ष 2024-25 में करदाताओं के पास एक बार फिर पुरानी और नई टैक्स प्रणाली में से चुनाव करने का विकल्प है। हालांकि इस बार सरकार ने नई टैक्स प्रणाली को डिफॉल्ट विकल्प के रूप में घोषित किया है। आइए जानते हैं दोनों विकल्पों में क्या अंतर है–

### पुरानी टैक्स प्रणालीः

- छूट व कटौतियों के साथ टैक्स स्लैबः
- 0-2.5 लाख : 0%
- 2.5-5 लाख : 5%
- 5-10 लाख : 20%
- 10 लाख से ऊपर : 30%
- धारा 80C, HRA, होम लोन ब्याज आदि के अंतर्गत अनेक छूटों का लाभ मिलता है।
- धारा 87A के तहत 12,500 तक की कर छूट, जिसकी सीमा 5 लाख तक की कुल आय पर लागू है।

### नई टैक्स प्रणाली (डिफॉल्ट विकल्प):

- अधिक सूक्ष्म स्लैब के साथ कम दरें:
- 0-3 लाख : 0%
- 3-6 लाख : 5%
- 6-9 लाख : 10%
- 9-12 लाख : 15%
- 12-15 लाख : 20%
- 15 लाख से ऊपर : 30%
- वेतनभोगियों के लिए 75,000 का मानक कटौती लाभ।
- धारा 87A के तहत 25,000 की छूट, जिससे 7 लाख तक की आय कर-मुक्त हो सकती है।
- सरचार्ज की अधिकतम सीमा 25%, जो कि पुरानी प्रणाली (37%) से कम है।

### किसके लिए कौन-सी प्रणाली बेहतर?

- **पुरानी प्रणालीः** उनके लिए उपयुक्त जो कई तरह की छूट व निवेश का दावा करते हैं।
- **नई प्रणालीः** उनके लिए आदर्श जो सरल आय संरचना, कम दस्तावेजीकरण और कम दरों को प्राथमिकता देते हैं।

### निष्कर्षः

यदि आप हाउस रेंट, पीपीएफ, एलआईसी, होम लोन आदि में निवेश करते हैं तो पुरानी प्रणाली आपके लिए बेहतर साबित हो सकती है। लेकिन यदि आप साधारण वेतनभोगी हैं और ज्यादा निवेश नहीं करते तो नई टैक्स प्रणाली से कर की बचत और सुविधा–दोनों संभव है।



- सीए लविश चावला
(एसीए, एम.कॉम., बी.कॉम., सीसीसीएबी) ईमेलः calavishchawla@gmail.com

# शासन के आदेश से नाराज़ मंत्रालयिक कर्मचारी, बांधी काली पट्टी कर जताया विरोध

**मुख्यमंत्री व शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेज सरकार से आदेश वापसी की मांग, आंदोलन तेज करने की चेतावनी**

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राज्य सरकार द्वारा शिक्षा विभाग में कार्य विभाजन संबंधी परिपत्र को रद्द करने के आदेश के विरोध में शिक्षा विभाग के मंत्रालयिक कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। यह प्रदर्शन शिक्षा विभागीय संयुक्त कर्मचारी संघ के बैनर तले जिला मुख्यालय स्थित माध्यमिक शिक्षा कार्यालय परिसर में आयोजित किया गया।

संघ के जिलाध्यक्ष आशुतोष आचार्य के नेतृत्व में आयोजित इस शांतिपूर्ण प्रदर्शन में कर्मचारियों ने शासन के 2 जुलाई 2025 को जारी आदेश को ÷एकतरफा और अन्यायपूर्ण÷ बताया।

संघ के प्रवक्ता मूलचंद बहरवानी ने बताया कि वर्ष 2020 में जो परिपत्र जारी किया गया था, वह सभी आपत्तियों की समीक्षा के बाद बना था। लेकिन हाल ही में एक विशेष संघ की मांग पर उसे बिना परीक्षण रद्द कर देना सभी कर्मचारियों की उपेक्षा है।





कर्मचारियों ने कहा कि शासन के इस कदम से प्रदेशभर में आक्रोश है और यह आदेश तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। प्रदर्शन के अंत में मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री, मुख्य सचिव और शिक्षा सचिव को ज्ञापन प्रेषित कर 2 जुलाई 2025 के आदेश को रद्द करने की मांग की गई।

संघ ने चेतावनी दी है कि यदि मांग पर विचार नहीं किया गया, तो राज्यभर में मंत्रालयिक कर्मचारी आंदोलन को तेज करने पर मजबूर होंगे।

**प्रदर्शन में शामिल रहे कर्मचारीः** सुरेश जोशी, हनुमान वैष्णव, सुनील डाड, नरेश बाहेती, मुकेश सेन, आशुतोष शर्मा, ओम प्रकाश डाड, डीपी जोशी, सीमा उपाध्याय, रिंकू अग्रवाल, विक्रम बाकलीवाल, सुरेश पारीक, संदीप जैन, रामेश्वर शर्मा, मोहित धाबाई, धीरज सुराना, आलोक पालीवाल, सुरेश मीना सहित सैकड़ों कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आरबीएसके योजना : जन्मजात विकृति से जूझ रहे अंशु और ललित का जयपुर में हुआ सफल ऑपरेशन, परिवारों ने जताया आभार

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम ने एक बार फिर साबित कर दिया कि यह योजना केवल कागज़ों पर नहीं, बल्कि बच्चों के जीवन में बदलाव लाने वाली है। जिले के दो मासूम - अंशु कुमावत (भीमडियास, मांडल) और ललित (कंवलियास) को जन्मजात कटे होंठ और तालु की गंभीर विकृति थी, लेकिन अब ये दोनों बच्चे ऑपरेशन के बाद एक सामान्य जीवन की ओर अग्रसर हैं। सरकार की इस जनकल्याणकारी योजना के तहत दोनों बच्चों को



जयपुर के अभिषेक हॉस्पिटल भेजा गया, जहाँ निशुल्क ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया गया। इलाज के साथ-साथ यात्रा, जांच और दवाइयों का खर्च भी योजना द्वारा वहन किया गया।

बच्चों के माता-पिता ने बताया कि आर्थिक तंगी के कारण वे इतने महंगे ऑपरेशन कराने में असमर्थ थे। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की आरबीएसके टीम ने स्क्रीनिंग के दौरान समय पर बीमारी को पहचाना और इलाज की समुचित व्यवस्था की।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने बताया कि 0 से 18 वर्ष तक के बच्चों की जन्मजात बीमारियों की जांच और उपचार की सुविधा आरबीएसके योजना के तहत निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती है। अंशु और ललित के सफल ऑपरेशन इस योजना की प्रभावशीलता और मानवीय पक्ष का सशक्त प्रमाण हैं।

परिजनों ने कहा, अगर यह सरकारी सहायता समय पर नहीं मिलती, तो इतनी बड़ी सर्जरी संभव नहीं थी। आज हमारे बच्चे स्वस्थ हैं, यह सरकार की संवेदनशीलता और स्वास्थ्य विभाग की तत्परता का ही परिणाम है।

# गौ माता और जनकल्याण हेतु 800 किमी की पैदल कावड़ यात्रा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

मंडपिया निवासी गौ पुत्र निर्भय पाराशर व गणेश पाराशर ने हरिद्वार (उत्तराखंड) से हरनी महादेव (भीलवाड़ा) तक करीब 800 किलोमीटर की पदयात्रा शुरू कर गौ माता के सम्मान और जगत कल्याण हेतु अनुकरणीय पहल की है।

यह यात्रा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि गौ संरक्षण, पर्यावरण संतुलन, शाकाहार व संस्कृति संरक्षण का संदेश देती एक आध्यात्मिक आंदोलन बन चुकी है। दोनों भाई रोजाना कई किलोमीटर पैदल चलकर गांव-गांव में गौ सेवा, भारतीय जीवन मूल्यों और आत्मकल्याण की प्रेरणा दे रहे हैं।

उन्होंने इस यात्रा को हर कदम गौ माता को समर्पित बताते हुए युवाओं से धर्म और सेवा से जुड़ने की अपील की। यह



प्रयास श्रद्धा, संयम और समर्पण का प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है।

# स्वामी विवेकानंद तरणताल के 12 तैराक राज्य स्तर के लिए चयनित

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा

**भीलवाड़ा।** स्वामी विवेकानंद तरणताल पर प्रशिक्षण ले रहे 12 तैराकों का चयन राज्य स्तरीय जूनियर तैराकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जो 12 से 14 जुलाई तक विजया राजे सिंधिया तरणताल, कोटा में आयोजित होगी। जिला खेल अधिकारी हेमेंद्र सिंह राणावत ने बताया कि यह चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर किया गया है।

### चयनित तैराक-



- सब-जूनियर वर्ग - आफताब कायमखानी, अवंतिका ओझा, वैभव माली
- जूनियर प्रथम ग्रुप- शिवदेव सिंह राणावत, शुभम गांछा, विजय गुर्जर, अनिकेत सेन, कनिष्क खींची, आलिया कायमखानी, प्रीति माली
- जूनियर द्वितीय ग्रुप- ऊर्जा प्रसाद, अदिति खोईवाल

इससे पहले सीनियर राज्य प्रतियोगिता (मई, जयपुर) में शिवदेव सिंह राणावत, विजय गुर्जर और कनिष्क खींची ने भाग लेकर जिले का नाम रोशन किया था।

तरणताल पर आयोजित कार्यक्रम में तैराकी खेल विकास संस्थान अध्यक्ष श्याम सुंदर सोनी, सचिव राकेश पालीवाल, कोषाध्यक्ष धनराज गांछा सहित अन्य पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ



## QUICK BITES

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर में ग्रामीणों की समस्याओं का हुआ मौके पर समाधान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाडा




राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बाकरा टिटोड़ा जागीर व किशनगढ़ में मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और कई का मौके पर ही समाधान कर ग्रामीणों को राहत दी। शिविर में आवासीय पट्टे, जॉब कार्ड, पीएम आवास के प्रमाण पत्र वितरित किए गए। ग्राम विकास अधिकारी महेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना के 58 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 10 नए जॉब कार्ड बनाए गए तथा पात्र लाभार्थियों को निशुल्क आवासीय पट्टे भी दिए गए।

स्वास्थ्य सेवाओं के तहत क्षय रोगियों को निशुल्क किट प्रदान की गई। सीएचओ अनिता गुर्जर ने बताया कि शिविर में क्षय रोगियों को मुफ्त पोषण किट वितरित की गई। ग्रामीणों की स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं की भी सुनवाई की गई। शिविर में ग्रामीणों ने कंजर कॉलोनी की चारागाह भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को हटाने, देवनारायण सागर बांध की मरम्मत, तथा अवैध शराब की दुकानों को हटाने जैसी मांगों को लेकर भी ज्ञापन सौंपे। शिविर में एसडीएम राजकेश मीणा, तहसीलदार रवि कुमार मीणा, बीडीओ सीताराम मीणा, सहायक अभियंता सुरेश मीणा, शिविर प्रभारी रामनारायण मीणा, किशोर कुमार शर्मा , प्रशासक निशा वीरेंद्र मीणा, धर्मचंद मीणा, उप सरपंच सत्यनारायण शर्मा, जीएसएस अध्यक्ष रामकुमार मीणा, पूर्व सरपंच राकेश खटीक, कनिष्ठ लिपिक कांता मीणा, अमित जागेटिया, मस्तराम मीणा, रामराज मीणा सहित राजस्व विभाग, शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, आयुर्वेद, राशन, आंगनबाड़ी आदि विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### दिगंबर जैन महिला महासमिति प्रमुख संभाग के चुनाव संपन्न हुए

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



स्वाध्याय भवन में दिगंबर जैन महिला महासमिति प्रमुख संभाग के चुनाव पदमा गदिया,रसीली पाटनी की देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुए। जिसमें अध्यक्ष सीमा गोधा, सचिव सुनीता पाटनी , उपाध्यक्ष सरिता शाह ,कोषाध्यक्ष बिंदु वेद, परम संरक्षिका मृदुला जैन, युवा प्रकोष्ठ मंत्री भारती सोनी, महिला प्रकोष्ठ मंत्री सीमा गदिया, सूचना प्रभारी सीमा सोनी, सदस्य सुशीला छाबड़ा, सुमन पाटनी निर्वाचित हुए। इस अवसर पर महिला महासमिति के बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### फाइनेंस सेक्टर में 'ऑल फाइनेंस यूनियन' का गठन, रितेश गुर्जर बने अध्यक्ष



भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

गजाधर मानसिंह धर्मशाला में मंगलवार को आयोजित बैठक में फाइनेंस सेक्टर से जुड़े पेशेवरों के हितों की रक्षा और सहायता के उद्देश्य से ÷ऑल फाइनेंस यूनियन का सर्वसम्मति से गठन किया गया।

मीडिया प्रभारी किशन सुवालका ने बताया कि यूनियन का उद्देश्य कलेक्शन और सेल्स से जुड़ी समस्याओं के समाधान के साथ-साथ फाइनेंस क्षेत्र में कार्यरत सभी लोगों को हर संभव सहयोग प्रदान करना है। इस दौरान संगठन की कार्यकारिणी भी गठित की गई । जिसमे संरक्षक भगवान शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, प्रदीप नेगी, मनीष गोयल, सुरेन्द्र सिंह पंवार , अध्यक्ष रितेश गुर्जर , उपाध्यक्ष राजेश सेन , मंत्री रूपेन्द्र नायर , सचिव अंकुश तिवाड़ी , कोषाध्यक्ष सौरभ सोमानी , मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता किशन सुवालका को नियुक्त किया गया ।

नवनियुक्त अध्यक्ष रितेश गुर्जर ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि ऑल फाइनेंस यूनियन फाइनेंस सेक्टर से जुड़े सभी व्यक्तियों के लिए एक सशक्त मंच बनेगा, जो उनके हितों की रक्षा में सदैव तत्पर रहेगा।

# भीलवाड़ा में महासाध्वी कुमुदलता का भव्य चातुर्मास मंगल प्रवेश

## श्रद्धा व आस्था का उमड़ा सैलाब, राज्यपाल बागड़े व भाजपा अध्यक्ष राठौड़ रहे मुख्य अतिथि

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

धर्मनगरी भीलवाड़ा में मंगलवार को महासाध्वी डॉ. कुमुदलता जी म.सा. आदि ठाणा 4 के भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश पर श्रद्धा व आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुभाषनगर में आयोजित इस समारोह में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े, मध्यप्रदेश के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, सांसद दामोदर अग्रवाल, विधायक अशोक कोठारी, गोपाल खंडेलवाल, महापौर राकेश पाठक सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

सुनील सुराणा निवास से शुरू हुई कलश यात्रा में सैकड़ों श्राविकाएं सिर पर मंगल कलश लिए शामिल हुईं। भगवान महावीर और जैन दिवाकर के जयकारों से माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में सजीव झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रही।



धांधोलाई स्कूल मैदान में आयोजित समारोह में महासाध्वी कुमुदलता ने धर्म संदेश देते हुए कहा कि चातुर्मास आत्मशुद्धि, त्याग और तपस्या का समय है, इसमें अधिकाधिक धर्म आराधना होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भीलवाड़ा संघ के आग्रह पर एक बार फिर यहां चातुर्मास हेतु आगमन हुआ है।

समारोह में स्वर साम्राज्ञी महासाध्वी महाप्रज्ञा म.सा., साध्वी पद्मकीर्ति, राजकीर्तिम.सा. आदि का सानिध्य भी प्राप्त हुआ।

ध्वजारोहण ओमप्रकाश अशोककुमार श्श्रीमाल (बिजयनगर) ने किया।

### कलश यात्रा में झांकियां बनी आकर्षण

जैन धर्म सिद्धांतों, संत जीवन दर्शन और राजस्थान की परंपराओं पर आधारित सजीव झांकियां दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बनीं। जगह-जगह स्वागत द्वार लगाकर अतिथियों का अभिनंदन किया गया।

### लाभार्थियों को प्राप्त हुए पुण्य अवसर

नवकारसी का लाभ सुनील सुराणा परिवार, गौतम प्रसादी सुरेंद्रसिंह सुराणा परिवार, ध्वजारोहण जयपुर के श्रीश्रीमाल परिवार, केसर प्रभावना पुणे के दुग्गड़ परिवार व गुड़ प्रभावना नासिक के कोचर परिवार को प्राप्त हुआ।

### चातुर्मासिक प्रवचन

प्रत्येक दिन सुबह 8¬45 से 10 बजे तक सुभाषनगर स्थानक भवन में प्रवचन होंगे। आयोजन में चातुर्मास समिति, श्रीसंघ एवं विभिन्न स्वयंसेवकों का सहयोग रहा।

# विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू समाज के हकों को लेकर एक अगस्त को भीलवाड़ा में महा-बहिष्कार आंदोलन

## भड़क महादेव में पशुपालकों की बैठक, जंगल और चराई मार्गों से जुड़ी समस्याओं पर जताई चिंता

भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

राष्ट्रीय पशुपालक संघ के तत्वावधान में मंगलवार को भड़क महादेव परिसर में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू समाज के हकों व समस्याओं को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के अधिकारों, आवास, आरक्षण और जंगल संबंधी समस्याओं पर चर्चा कर आगामी आंदोलन की रणनीति तय करना था।

बैठक में राष्ट्रीय पशुपालक संघ के अध्यक्ष लाल राईका, संस्थापक उपाध्यक्ष भीखू , डॉ. हरमल रेबारी, सिंगोली सरपंच मूल राईका, सांडगांव सरपंच हर राईका, जयलाल , देवराज राईका, शिवलाल , अमर , लादूराम, हेमराज, पोकर रेबारी सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।



अध्यक्ष लाल राईका ने कहा कि विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू समाजों के हक और अधिकारों के लिए आगामी 1 अगस्त को भीलवाड़ा में महा-बहिष्कार आंदोलन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से हजारों की संख्या में समाजजन भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि यह आंदोलन बीते छह माह से जारी है और इससे पूर्व पाली, जोधपुर व जयपुर में प्रदर्शन हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि राज्य में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू समाज की 32 जातियां शामिल हैं जिनकी जनसंख्या करीब 1.23 करोड़ है, लेकिन आज भी यह समाज उपेक्षित है।

राईका ने पशुपालकों की समस्याओं पर बोलते हुए कहा कि बिजोलिया क्षेत्र में बनाए गए सैंक्चुअरी क्षेत्र के कारण भेड़पालकों के पारंपरिक चराई मार्ग बंद हो गए हैं, जिससे टकराव की स्थिति बन रही है। साथ ही भेड़ों की चोरी की घटनाएं भी लगातार बढ़ रही हैं, जिससे पशुपालक असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने जंगल पर परंपरागत अधिकारों की बहाली की मांग की। डॉ. हरमल रेबारी ने कहा कि 1 अगस्त को भीलवाड़ा में होने वाले आंदोलन में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध घुमंतू समाज की 10 प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी जाएंगी। उन्होंने आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी का आह्वान किया।

भीखू जी ने समाज के सभी लंबरदारों को पीले चावल देकर आंदोलन में आमंत्रित किया और उन्हें मांग पत्र की प्रतियां सौंपी। बैठक के बाद संघ के प्रतिनिधिमंडल ने बिजोलिया पुलिस और वन विभाग अधिकारियों से मुलाकात कर समस्याओं के समाधान की मांग रखी।

# रामधाम में 10 जुलाई से शुरू होगा चातुर्मास प्रवचन, स्वामी अच्युतानंद महाराज देंगे अमृतवाणी

## भक्ति और अध्यात्म के रंग में रंगेगा भीलवाड़ा, तैयारियां अंतिम चरण में

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा

शहर में धर्म और अध्यात्म का अद्भुत संगम बनने जा रहा है। हमीरगढ़ रोड स्थित श्री रामधाम में 10 जुलाई से प्रारंभ होने जा रहे चातुर्मास प्रवचन कार्यक्रम की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन रामधाम रामायण मंडल ट्रस्ट के तत्वावधान में आगामी दो माह तक प्रतिदिन आयोजित होगा।

इस विशेष चातुर्मास में रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड) के अगस्त ऋषि मुनि आश्रम से पधारे स्वामी अच्युतानंद महाराज प्रतिदिन सुबह 9 से 10 बजे तक अपनी अमृतवाणी से श्रद्धालुओं का मार्गदर्शन करेंगे।

ट्रस्ट के सचिव अभिषेक अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर रामधाम परिसर में भक्ति का वातावरण बन चुका है। भक्तों में





विशेष उत्साह देखा जा रहा है। परिसर की सजावट, व्यवस्थाएं और जनसंपर्क की तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

इसी क्रम में मंगलवार को प्रदोष व्रत के अवसर पर रामधाम स्थित शिवालय में विशेष रुद्राभिषेक का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य यजमान भेरूलाल अजमेरा व रेखा अजमेरा ने भगवान शिव के परिवार का श्रद्धापूर्वक दूध से अभिषेक किया। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन की गूंज से माहौल भक्तिमय हो गया।

इस अवसर पर पंडित रामू, पंडित प्रकाश, पंडित कमल, पंडित सुशील व पंडित रमाकांत शर्मा का सानिध्य रहा।

# बेबाक पत्रकारिता के प्रतीक विजय का जन्मदिन सादगी व सम्मान से मनाया गया

## शुभचिंतकों ने दी शुभकामनाएं, विविध संगठनों ने किया सम्मानित





भीलवाड़ा फोकस @ बिजोलिया

**( मानव तिवाडी)** । प्रेस ट्रस्ट अध्यक्ष एवं दैनिक भास्कर के वरिष्ठ पत्रकार श्याम विजय का जन्मदिन मंगलवार को सादगी और गरिमामय माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर शहर भर के शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई संदेश प्रेषित कर शुभकामनाएं दीं। भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सुनील जोशी एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता शांतिलाल जोशी ने माल्यार्पण, मिठाई खिलाकर और कलम भेंट कर उनका अभिनंदन किया। नेताओं ने उनके दीर्घायु और निरंतर सक्रिय पत्रकारिता जीवन की कामना की।

इधर, नगर के संस्कार भारती स्कूल में भी जन्मदिवस के उपलक्ष्य में विशेष आयोजन किया गया। इस अवसर पर अहिप अध्यक्ष एवं स्वतंत्र गूंज के संस्थापक शिक्षाविद घनश्याम सोनी ने विद्यालय स्टाफ के साथ श्याम विजय का अभिनंदन किया।

सोनी ने अपने उद्बोधन में श्याम विजय के पत्रकारिता जीवन, बेबाक लेखनी और समाज में उनके सकारात्मक हस्तक्षेप पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जिले की पत्रकारिता का मजबूत स्तंभ बताया। उन्होंने कहा कि विजय की निष्पक्षता और निर्भीकता आज के समय में प्रेरणादायक है।

इस मौके पर विभिन्न वर्गों से जुड़े लोगों ने भी श्याम विजय को बधाई संदेश भेजकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# भीलवाड़ा में माहेश्वरी महिला संगठन की बैठक सम्पन्न, संगठनात्मक मजबूती और सामाजिक कार्यों पर रहा जोर

## प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा बोलीं – संगठित तहसीलें बढ़ा रही भीलवाड़ा की गरिमा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा




माहेश्वरी महिला संगठन, जिला भीलवाड़ा की तीसरी कार्यकारिणी बैठक महेश छात्रावास परिसर में नगर माहेश्वरी महिला संस्थान व आरकेआरसी महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। बैठक में जिलेभर से 200 से अधिक सदस्याएं शामिल हुईं।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, पश्चिमांचल संयुक्त मंत्री शिखा भदादा, राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोरमा कालिया व जिला संरक्षिका वीणा राठी रहीं। बैठक का शुभारंभ महेश वंदना और दीप प्रज्वलन से हुआ।

जिला अध्यक्ष प्रीति लोहिया ने सभी तहसीलों से परिचय सम्मेलन, कन्यादान और आत्मरक्षा प्रशिक्षण जैसे जनकल्याणकारी कार्यों को फिर से प्रारंभ करने का आह्वान किया। शिखा भदादा ने रिपोर्टिंग के सही तरीकों पर मार्गदर्शन दिया।

प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा ने कहा कि संगठन की शक्ति उसकी एकजुटता में है, संगठित तहसीलें ही भीलवाड़ा की गरिमा बढ़ा रही हैं। उन्होंने ÷शिखर संगम÷ की सफलता व भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में शाहपुरा, माण्डल, गंगापुर, बनेड़ा, बागोर, करेड़ा, जहाजपुर सहित विभिन्न तहसीलों की अध्यक्षों ने रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम के सफल आयोजन में भारती बाहेती, डॉ. सुमन सोनी, चेतना जागेटिया, राधा न्याति, इंद्रा हेडा, सोनल माहेश्वरी सहित कई सदस्यों का सहयोग रहा।

# कोठारी बांध तक पहुंचने वाला रास्ता बना मुसीबत, पक्की सड़क निर्माण की मांग

## पर्यटन स्थल तक जाने में परेशानी, मिट्टी मार्ग से फिसलते हैं वाहन, लोग हो रहे चोटिल

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला



**(रमेश चंद्र डाड)**। बीगोद से करीब 7 किमी दूर स्थित कोठारी डेम वर्षा ऋतु में आकर्षण का केंद्र है, जहाँ न केवल क्षेत्रीय पर्यटक बल्कि बाहरी पर्यटकों की भी आवाजाही रहती है लेकिन इस रमणीय स्थल तक पहुंचने का 2 किमी लंबा कच्चा मार्ग लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बन गया है।

पर्यटकों व ग्रामीणों ने बताया कि मिट्टी के पगडंडी रास्ते से दोपहिया व चौपहिया वाहन फिसल जाते हैं, जिससे लोग चोटिल हो जाते हैं और कई बार वाहन क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। ऐसे में डामरीकृत सड़क की आवश्यकता है ।

ग्रामीणों में बताया कि कोठारी डेम से क्षेत्र में तीन नहरों द्वारा सिंचाई एवं पेयजल आपूर्ति होती है, लेकिन नहरों तक पहुंचने के रास्ते भी जर्जर हैं। ग्रामीणों ने बताया कि पहले यहां गार्डन व क्वार्टर हुआ करते थे, लेकिन अब यह स्थान बिल्कुल उपेक्षित हो चुका है। कोठारी डेम के आस-पास के तीन-चार गांवों के ग्रामीण लगातार अव्यवस्थाओं से जूझ रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से अपील की है कि पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण इस स्थल तक डामरीकरण सड़क का निर्माण शीघ्र कराया जाए ताकि आवागमन सुगम हो सके और क्षेत्र की सुंदरता को लोग सुरक्षित ढंग से निहार सकें।

## QUICK BITES

### हाईकोर्ट आदेश के बाद भी नहीं मिला पंचायत भवन, सरपंच ममता जाट ने धरना दिया

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा





राजस्थान हाईकोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को ग्राम पंचायत पंडेर की सरपंच एवं पूर्व प्रशासक ममता मुकेश जाट जब सैकड़ों समर्थकों के साथ पंचायत कार्यालय पर कार्यभार ग्रहण करने पहुंचीं, तो वहां मुख्य गेट पर ताला लटका मिला। विरोधस्वरूप उन्होंने मौके पर ही समर्थकों के साथ धरना शुरू कर दिया। धरने में बड़ी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री व कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव धीरज गुर्जर ने फोन पर ममता जाट से संवाद कर समर्थन जताया। इस दौरान पुलिस प्रशासन भी मौके पर लॉ एंड ऑर्डर बनाए रखने के लिए तैनात रहा।

गौरतलब है कि ममता जाट को पूर्व में पद का दुरुपयोग, अनियमितताएं और नियमों की अनदेखी जैसे आरोपों के आधार पर 11 फरवरी 2025 को राज्य सरकार द्वारा प्रशासक पद से हटा दिया गया था। जांच रिपोर्ट में सामुदायिक भवन उद्घाटन में जनप्रतिनिधियों को न बुलाना, शिलापट्ट पर नाम न अंकित करना, स्ट्रीट लाइट में कम सामग्री लगाकर अधिक भुगतान, पट्टा वितरण में अनियमितता जैसे आरोप सामने आए थे।

हाल ही में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार के निर्णय को निरस्त कर ममता जाट को पुनः कार्यभार ग्रहण करने की अनुमति दी है। इसी आदेश की पालना में वे मंगलवार को पंचायत भवन पहुंचीं, परंतु वहां न कोई अधिकारी मिला और न ही भवन खुला।

ममता मुकेश जाट ने बताया की हाईकोर्ट के आदेश के बाद मैं कार्यभार संभालने पहुंची, लेकिन पंचायत कार्यालय में ताला लगा मिला। कोई कर्मचारी या अधिकारी मौजूद नहीं था। मजबूरी में मुझे धरना देकर विरोध जताना पड़ा।

### ग्राम पंचायत आमली में अंत्योदय शिविर आयोजित, 73 को मिले स्वामित्व कार्ड

भीलवाड़ा फोकस @ केकड़ी



**( दिलखुश मोटीस )** ग्राम पंचायत आमली मुख्यालय पर मंगलवार को आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में 73 लाभार्थियों को स्वामित्व योजना के तहत कार्ड वितरित किए गए। शिविर की अध्यक्षता भाजपा जिला देहात महामंत्री रायचंद बागड़ी ने की। एसडीएम श्रद्धा सिंह, तहसीलदार भगवती प्रसाद वैष्णव, बीडीओ चिरंजी लाल वर्मा, सरपंच सायरी देवी सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। शिविर में सामाजिक सुरक्षा, पालनहार, उज्ज्वला, खाद्य सुरक्षा और श्रम कल्याण से जुड़ी योजनाओं के तहत दर्जनों ग्रामीणों को मौके पर ही लाभान्वित किया गया। बागड़ी ने कहा कि सरकार अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम संचालन में ग्राम विकास अधिकारी तेजराम मीणा सहित पंचायत टीम का सहयोग रहा। ग्रामीणों की उत्साहजनक सहभागिता से शिविर सफल रहा।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट के सामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890